

संस्कृति विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार

# काकोरी

## ट्रेन एक्शन 100 की वर्षगाठ

**शतාब्दी महोत्सव**

09 अगस्त, 2024 – 09 अगस्त, 2025



## संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश

# पृष्ठभूमि : काकोरी ट्रेन एक्शन

- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है।
- 9 अगस्त, 1925 को 'आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन' को चेन खींच कर करंतिकारियों द्वारा काकोरी में रोका गया।
- क्रांतिकारी शहीद राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में शहीद अशफाक उल्ला खां, शहीद चन्द्रशेखर आजाद व अन्य सहयोगी क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी खजाने पर कब्जा कर लिया।
- हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के कुल 40 क्रांतिकारियों पर ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने, सरकारी खजाना लूटने व यात्रियों की हत्या करने का मुकदमा चलाया
- दिनांक 09 अगस्त, 2024 से काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ का शुभारम्भ हो रहा है। इस आयोजन को 9 अगस्त 2024 से 9 अगस्त 2025 तक शताब्दी समारोह के रूप में आयोजित किया जाना है।



# कार्यक्रमों हेतु जारी किए गए शासनादेश

- शासनादेश संख्या 2024/1983/चार-2024 दिनांक 19 जुलाई 2024 को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव हेतु समस्त विभागों को विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गये।

- शासनादेश संख्या 286/2024/2219/चार-2024-1833998 दिनांक 2 अगस्त 2024 के माध्यम से विस्तृत कार्य योजना विभागों एवं जनपदों को उपलब्ध कराई गई।

- इसी दौरान दिनांक 13-15 अगस्त के मध्य आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु शासनादेश 278/2024/2162/चार-2024 दिनांक 31 जुलाई 2024 द्वारा हर घर तिरंगा अभियान हेतु समस्त विभागों एवं ज़िलाधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देश निर्गत किए गये।

- शासनादेश में उल्लिखित जनपदों हेतु संस्कृति विभाग द्वारा कार्यक्रमों के प्रभावी समन्वय हेतु शासन के कार्यालय आदेश संख्या 2160/चार-2023 दिनांक 29-जुलाई-2024 द्वारा नोडल अधिकारी नामित किए गये।

# मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में 'काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव' एवं 'हर घर तिरंगा अभियान' की तैयारी बैठक दिनांक 3 अगस्त 2024 में प्राप्त निर्देश

**8 अगस्त 2024**
काकोरी पूर्व संध्या

- काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस की पूर्व संध्या पर दिनांक 08 अगस्त, 2024 को समस्त जनपदों में कार्यक्रम कराये जायें, जिसमें स्थानीय लोक कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाये।
- उनके द्वारा राष्ट्रभक्ति पर आधारित दो से तीन घण्टे की प्रस्तुति दी जायें।
- हर जनपद में 1-2 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायें जिसमें हर स्थल पर नोडल अधिकारी नामित हों।
- लोगों के बैठने की समुचित व्यवस्था किया जाये। कार्यक्रम के पहले मिलेट्री / पैरा मिलेट्री / एन0सी0सी0 / पुलिस / पी0ए0सी0/ स्कूल / कालेज के बैण्ड वादन की व्यवस्था की जाये जिसमें आधे घण्टे का कार्यक्रम रखा जाये।
- बैण्ड वादन के पूर्व उन्हें समुचित तरीके से ट्रेनिंग भी दी जाये।
- रक्तदान शिविर काकोरी ट्रेन एक्शन की पूर्व संध्या पर आयोजित किया जाये।

**9 अगस्त 2024**
काकोरी ट्रेन एक्शन डे

- दिनांक 09 अगस्त, 2024 को प्रत्येक जनपद में काकोरी ट्रेन एक्शन शाताब्दी समारोह का शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित किये जायें।
- **काकोरी शहीद स्मारक**, लखनऊ में आयोजित हो रहे मुख्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण पूरे प्रदेश में किया जाये। समस्त जनपद स्तर के कार्यक्रमों में लखनऊ के मुख्य कार्यक्रम को वेब लिंक के माध्यम से **सजीव प्रसारण** किया जाये।
- इस कार्यक्रम के बाद समस्त जनपदों में **एक घण्टे का पृथक** से कार्यक्रम आयोजित किया जाये। इस कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिकों/ शहीद के परिवारीजनों को सम्मानित किया जाये तथा उन्हें लोगो/ स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किय जाये।
- लखनऊ एवं शाहजहांपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में काकोरी ट्रेन एक्शन के **नायकों के परिवारों** को सम्मानित किया जाये।
- प्रदेश के समस्त **शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों, अमृत सरोवरों** पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये।
- दिनांक 09 अगस्त, 2024 को प्रातः बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा के सभी बोर्डों के विद्यार्थियों की **प्रभात फेरी** निकाली जायें, जिसमें बच्चे **राष्ट्रभक्ति** से संबंधित **नारे लिखी तख्तियां** लिये हुए हों और राष्ट्रभक्ति गीतों को गाया जाये/बजाया जाये।
- प्रभात फेरी के समापन पर शिक्षकों द्वारा **काकोरी ट्रेन एक्शन का वृतान्त** बच्चों को सुनाया जाये एवं **मिष्ठान** का वितरण किया जाये।

**9-15 अगस्त 2024**
काकोरी ट्रेन एक्शन : सप्ताह

- दिनांक 09 अगस्त से 15 अगस्त, 2024 तक कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर ली जाये। सभी कार्यक्रम एक ही दिन न हो कर अलग-अलग दिवसों में अलग-अलग प्रकृति के कार्यक्रम आयोजित किये जायें। उक्त के पश्चात् वर्ष भर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किये जाये।
- इस अवसर पर शहीद स्मारकों पर पुष्पांजलि एवं पुलिस/पी0एस0सी0/होमगार्ड/अर्द्धसैनिक/सैनिक बलों के बैण्ड का वादन हो। यदि उस जनपद में उक्त बैण्ड उपलब्ध न हो तो एन0सी0सी0/विद्यालयों के बैण्ड की प्रस्तुति की जाये।
- लखनऊ एवं शाहजहांपुर में आयोजित हो रहे शहीद मेले में **उत्तर प्रदेश में निर्मित उत्पादों** की ही बिक्री की जाये। **विदेशी उत्पादों** की बिक्री नहीं की जाये।
- लखनऊ एवं शाहजहांपुर में आयोजित होने वाले शहीद मेले में **पुस्तक मेले** का आयोजन किया जाये जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को विद्यालयों के माध्यम से क्रमानुसार विभिन्न तिथियों में भ्रमण हेतु लाया जाये।
- बच्चों के आने- जाने की **नि:शुल्क व्यवस्था** कराई जाये तथा खाने एवं पानी की व्यवस्था विद्यालय स्वयं करायें।
- इस अवसर पर **कवि सम्मेलन** का आयोजन किया जाये जिसमें अनिवार्य रूप से राष्ट्रभक्ति की कविताओं का ही पाठ हो।

**13-15 अगस्त 2024**
हर घर तिरंगा अभियान

- दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2024 तक 'हर घर तिरंगा अभियान' का आयोजन किया जाये इस हेतु नागरिकों को झण्डा खरीदने के लिये प्रेरित किया जाये।
- विभिन्न संस्थाओं/संगठनों के सहयोग से झण्डा वितरण कराया जाये। झण्डे की दर रियायती रखा जाये। झण्डों का विक्रय दिनांक 09.08.2024 से ही प्रारम्भ कर दिया जाये।
- इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस/ पी0ए0सी/ मिलेट्री/ पैरा मिलेट्री/ एन0सी0सी / स्कूल बैण्ड वादन किया जाये।
- विभिन्न विभाग 1857 से 1947 तक स्वतंत्रता आंदोलन की घटनाओं पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं संस्कृत भाषा में निबन्ध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करें। निबन्ध अधिकतम 1000 शब्दों का हो।

**14 अगस्त 2024**
काकोरी ट्रेन एक्शन डे

- दिनांक 14 अगस्त, 2024 को 'विभाजन विभीषिका दिवस' का आयोजन किया जाये।

**15 अगस्त 2024**
स्वतंत्रता दिवस

- दिनांक 15 अगस्त, 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाये।
- इस अवसर पर जिले में विभिन्न विधाओं से संबंधित सर्वोच्च लोगों को सम्मानित किया जाये एवं उनको काकोरी स्मारक का भ्रमण भी कराया जाये।

**2 अक्टूबर 2024**
गांधी जयंती

- महात्मा गांधी जी/लाल बहादुर शास्त्री एवं स्वाधीनता संग्राम के नायकों की वेश-भूषा में 100 बालकों की लखनऊ में गांधी प्रतिमा से विधान भवन तक रैली
- खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं मेला

**31 अक्टूबर 2024**
सरदार वल्लभ भई पटेल जयंती
'राष्ट्रीय एकता दिवस'

- विशाल राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन
- युवा कल्याण एवं खेल विभाग द्वारा ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न खेलों का आयोजन
- कार्यक्रम में सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन से संबंधित प्रेरणादायक कार्यक्रम कराया जाये।

**19 नवम्बर 2024**
रानी लक्ष्मी बाई जन्म दिवस

- शौर्य पर्व का आयोजन
- महिला कल्याण विभाग द्वारा वीरांगना सम्मान
- मिशन शक्ति, विधिक जागरुकता

**26 नवम्बर 2024**
संविधान दिवस

- विधिक जागरुकता
- हमारा गणतंत्र – अभिलेख प्रदर्शनी

- बृहद ड्रोन शो

**19 दिसंबर 2024**
काकोरी बलिदान दिवस

- शाहजहांपुर, लखनऊ, अयोध्या, गोण्डा, गोरखपुर में काकोरी पर आधारित महानाटक का मंचन का आयोजन
- काकोरी शहीदों के बलिदान दिवस पर गोरखपुर, गोण्डा, अयोध्या, प्रयागराज में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायें, क्योंकि ये स्थान काकोरी शहीदों के बलिदान से जुड़े हुए हैं।
- काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित महानाटक 'काकोरी गाथा' 45 से 60 मिनट की अवधि का तैयार किया जाये । नाटक के संवाद परिकल्पना एवं दृश्य आदि प्रभावी हों। इस हेतु विशेषज्ञों की सेवायें प्राप्त की जायें।

**25 दिसंबर 2024**
सुशासन दिवस/अटल जयंती

- लखनऊ एवं बटेश्वर (आगरा) में राष्ट्रभक्ति का कवि सम्मेलन, प्रदर्शनी , किसान मेला आदि कार्यक्रमों का आयोजन

**12 जनवरी 2025**
राष्ट्रीय युवा दिवस

- युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य युवा महोत्सव का आयोजन
- समस्त जनपदों में 100-100 युवक मंगल दल/महिला मंगल दल सदस्यों की साइकिल रैली

**24 जनवरी 2025**
उत्तर प्रदेश दिवस

- उत्तर प्रदेश के लोकनृत्यों का विश्वरिकॉर्ड क़ायम करना
- प्रदेश के समस्त जनपदों में प्रदर्शनी/ महोत्सव

**23 मार्च 2025**
शहीदी दिवस

- 'रंग दे बसंती' : 100 कथक कलाकारों की राष्ट्र भक्तिपूर्ण प्रस्तुति
- शहीद भगत सिंह पर नाट्य प्रस्तुति

**19 जुलाई 2025**
मंगल पाण्डे जयंती

- शहीद मंगल पाण्डे जी की जयंती पर 100 कलाकारों का आज़ादी पर सामूहिक बिरहा गायन
- 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित 100 चित्रकारों द्वारा रेखांकन
- सभी विद्यालयों/शहीदों को नमन कार्यक्रम के अनतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**26 जुलाई 2025**
कारगिल विजय दिवस

- प्रदेश के समस्त शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान
- श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन
- चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविरों का आयोजन

**09 अगस्त 2025**
काकोरी दिवस

- काकोरी शताब्दी समारोह का समापन के अवसर पर बृहद आयोजन

# विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही

## बेसिक शिक्षा विभाग

- बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन किया जाये जो लगभग आधा किमी0 की हो।
- प्रभात फेरी के पश्चात् बच्चों को डेढ़ से दो पेज का आलेख पढ़कर सुनाया जाये एवं उसके पश्चात् मिष्ठान वितरण किया जाये।
- बच्चों की सुलेख प्रतियोगिता भी कराई जाये।



# माध्यमिक शिक्षा विभाग



- सभी बोर्ड - यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई एवं संस्कृत विद्यालयों में आयोजन।
- स्वतंत्रता आंदोलन विषयक अधिकतम 1000 शब्दों की निबंध की निबंध प्रतियोगिता।

- पहले चरण में जनपद स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन जिसमें काकोरी एक्शन प्लान क्या था और देश की आजादी में उसका क्या योगदान था, आदि से संबंधित विषय रखा जाये।

- 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम पर सरल भाषा में छोटी पुस्तिका प्रकाशित कर विद्यालयों में वितरण
- उक्त पुस्तिका में संचित स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित जानकारी के आधार पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाये।
- **प्रथम चरण** में जनपद स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन हो, जिनके विजेताओं को दिनांक 15 अगस्त, 2024 के कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाये।
- **द्वितीय चरण** राज्य स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन हो, जिनके विजेताओं को आगामी उत्तर प्रदेश दिवस के कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाये।
- इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाये जिसमें विभिन्न जनपदों में शहीद एवं वीरांगनाओं के चित्र से संबंधित विषय रखे जायें।

## उच्च शिक्षा विभाग

- वाद-विवाद एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाये जिसमें विषय पहले से निर्धारित हो।



## चिकित्सा शिक्षा विभाग

- विभाग द्वारा उपरोक्तानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाये।

## तकनीकी शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा विभाग

- काकोरी ट्रेन एक्शन प्लान एवं 1857 की लड़ाई से संबंधित घटनाओं का प्रदर्शन नई तकनीकी के आधार पर किया जाय।

## नगर विकास विभाग

- नगरीय क्षेत्रों में विशेष रूप से शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों, के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाये एवं उपरोक्त समस्त कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से कराये जाये।



## पंचायती राज विभाग

- समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों, के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाये एवं उपरोक्त समस्त कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से कराये जाये।
- 15 अगस्त पर अमृत सरोवर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाये और जहां अमृत सरोवर नहीं हैं, वहां पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम आयोजित किये जायें।



## अल्पसंख्यक विभाग

- इस अवसर पर प्रदेश के सभी मदरसों में तिरंगा ध्वज फहराया जाये एवं राष्ट्रगान का गायन हो।

## खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग

- विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों की अभी से तैयारी प्रारम्भ की जाये।

## खेल एवं युवा कल्याण विभाग

- काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस दिनांक 09 अगस्त, 2024 को नागपंचमी की तिथि है। इस अवसर पर प्रायः सभी ग्रामों में दंगल आदि का आयोजन होता है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इन खेलकूद आयोजनों को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव शुभारम्भ कार्यक्रमों से जोड़ कर कराया जाये। युवा/ महिला मंगल दल को भी आयोजन के साथ जोड़ा जाये।

## कृषि एवं कृषि शिक्षा विभाग

- कृषि विज्ञान केन्द्रों पर कृषकों को कृषि चर्चा पर आमंत्रित किया जाये।
- किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किसानों को झण्डा खरीदने के लिये प्रेरित किया जाये।
- मंडी समितियों में स्वच्छता अभियान चलाया जाये।
- राष्ट्रभक्ति के गीत बजाये जायें
- नगर विकास विभाग की भांति डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लगाये जायें।

# गृह विभाग


- गृह विभाग सुनिश्चित करे कि दिनांक 09, 14 एवं 15 अगस्त, 2024 को समस्त शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों पर पुलिस/पी0एस0सी0/होमगार्ड/अर्द्धसैनिक/सैनिक बलों के बैण्ड का वादन हो। यदि उस जनपद में उक्त बैण्ड उपलब्ध न हों तो एन0सी0सी0/विद्यालयों के बैण्ड की प्रस्तुति की जाये। इस हेतु बैण्ड वादकों का पूर्वाभ्यास अभी से प्रारम्भ कर दिया जाये।



# आयोजन की रूप रेखा/ विषयवस्तु

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता-





- काकोरी ट्रेन एक्शन, मैनपुरी षडयंत्र केस, 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं, स्थानों एवं आजादी के ज्ञात एवं अज्ञात नायकों पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन

### चित्रकला/ पेंटिंग प्रतियोगिता-



- किशोर एवं युवावर्ग हेतु चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन
- 1857 की क्रांति के स्थानीय नायक, स्थानीय घटनाएं,
- काकोरी के नायक एवं घटनाएं तथा 1857 से 1947 तक के क्रांतिकारियों पर आधारित
- उत्कृष्ट एवं पुरस्कृत कृतियों को विभिन्न स्मारकों, सभागारों, जिलाधिकारी एवं अन्य सरकारी कार्यालयों में लगाया जायेगा।



## सुलेख एवं निबन्ध प्रतियोगिता-

- बच्चों एवं युवाओं में भाषा सुधार एवं लेखन में अभिरूचि एवं विकास के प्रोत्साहन हेतु
- 05 वर्ष से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिये सुलेख प्रतियोगिता
- किशोरवय बच्चों के लिये निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन
- प्रतियोगिताओं का विषय स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नायकों/ विभिन्न घटनाएं एवं स्थलों पर आधारित



## भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता-

- काकोरी ट्रेन एक्शन के प्रेरणादायी घटनाक्रम एवं काकोरी के नायकों पर आधारित भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता के आयोजन विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय/ उच्च शिक्षा संस्थान स्तर पर

# पुरस्कार

विजेताओं को निम्नवत् 15 अगस्त के कार्यक्रम में नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा, एवं फ्रेम किए हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे



| क्र0 | पुरस्कार | जनपद स्तर (पुरस्कार राशि) | राज्य स्तर (पुरस्कार राशि) |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम पुरस्कार | रू0 10,000.00 | रू0 51,000.00 |
| 2 | द्वितीय पुरस्कार | रू0  7500.00 | रू0 21,000.00 |
| 3 | तृतीय पुरस्कार | रू0 5000.00 | रू0 11,000.00 |
| 4 | सांत्वना पुरस्कार (सात) | रू0 1000.00 (प्रति) | रू0 5000.00 (प्रति) |

## प्रभात फेरियां-




- समस्त शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा आजादी के नायकों के चित्र, देशभक्ति के नारे लिखी पट्टिकाओं को हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाली जायेगी
- राष्ट्र भक्ति के गाने भी गाये जायेंगे।
- प्रभात फेरी की दूरी लगभग 0.5 किमी0 से 1.0 किमी0
- नागरिक सुरक्षा संगठन एवं पुलिस के द्वारा सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित किये जायेंगे।

## 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के घटनाक्रम से अवगत कराया जाना-




- समस्त शैक्षणिक संस्थानों में प्रार्थना सभा के समय काकोरी ट्रेन एक्शन एवं उसके नायकों/ विभिन्न घटनाओं का वृतांत पढ़ कर सुनाया जाना।
- समस्त शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों, अमृत वाटिकाओं पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित नागरिकों को भी 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के वृतांत को पढ़कर सुनाया जाना
- संक्षिप्त लिखित वृतांत जिलाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा।

## सेवा समर्पण-

- विभिन्न नागरिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जन सहभागिता के माध्यम से मानवता के प्रति सेवा धर्म एवं समर्पण विकसित किये जाने हेतु रक्तदान शिविरआदि का आयोजन
- जन सहयोग से अस्पतालों में फल वितरण भी किया जायेगा।

## स्वच्छता अभियान-

- दिनांक 07 एवं 08 अगस्त, 2024 को समस्त ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में एवं विशेष रूप से शहीद स्मारकों, स्मारक स्थलों, शहीद पार्कों, अमृत वाटिकाओं, अमृत सरोवरों आदि पर स्वच्छता अभियान



## पौधारोपण-

- दिनांक 09 अगस्त, 2024 को प्रदेश के समस्त शहीद स्मारकों / अमृत सरोवरों/ अमृत वाटिकाओं पर **'एक पेड़ माँ के नाम'** कार्यक्रम आयोजित करते हुए शहीद स्मृति उपवन की स्थापना
- न्यूनतम 100 पौधों का रोपण किया जायेगा।



## राष्ट्र धुन एवं ब्रास बैण्ड का वादन-

- दिनांक 09 से 15 अगस्त, 2024 के मध्य में प्रदेश के समस्त शहीद स्थलों/ स्मारकों पर राष्ट्र धुन एवं राष्ट्रभक्ति के गीत बजाये जायेंगे
- अर्द्ध सैनिक एवं सैन्य बलों/ पुलिस/ पी0ए0सी0/ होमगार्ड/ स्काउट गाइड के बैण्ड/ एन0सी0सी0/ विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों/ माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों के बैण्ड का राष्ट्रधुन पर आधारित बैण्ड वादन ।
- प्रतिभागी सभी बैण्ड वादन समूह को रू0 10,000.00 की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

# काकोरी शौर्यगाथा एक्सप्रेस सचल प्रदर्शनी

## रेल विभाग के माध्यम से काकोरी शौर्यगाथा पर आधारित 12 बोगियों की सचल प्रदर्शनी रेलगाड़ी

- प्रदेश में दो माह तक विभिन्न जनपदों/ नगरों का भ्रमण करेगी
- प्रत्येक जनपद में दो दिन के पड़ाव के अवसर पर स्कूली बच्चों का सामूहिक प्रतिभाग
- बच्चों के मध्य क्विज प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण
- काकोरी क्रांतिकारियों की प्रतिमाएँ एवं जीवन गाथा
- काकोरी ट्रेन एक्शन के अभिलेखों की प्रदर्शनी
- काकोरी गाथा का AR/VR काकोरी ट्रेन एक्शन का 3D मॉडल
- भारतेन्दु नाट्य अकादमी द्वारा नुक्कड़ नाटक
- आज़ादी से जुड़े प्रदेश के विभिन्न नगरों के साथ-साथ देश के प्रमुख नगरों में रेलगाड़ी का ठहराव



# महानाटक : काकोरी गाथा

- भारतेंदु नाट्य अकादमी द्वारा काकोरी पर आधारित महानाटक की नाट्य प्रस्तुति प्रदेश के महत्वपूर्ण नगरों में
- काकोरी शहीदों के बलिदान दिवस पर गोरखपुर, गोण्डा, अयोध्या, प्रयागराज में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जायें, क्योंकि ये स्थान काकोरी शहीदों के बलिदान से जुड़े हुए हैं।
- काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित महानाटक 'काकोरी गाथा' 45 से 60 मिनट की अवधि का तैयार किया जाये । नाटक के संवाद परिकल्पना एवं दृश्य आदि प्रभावी  हों।  इस हेतु विशेषज्ञों की सेवायें प्राप्त की जायें।
- काकोरी क्रांतिकारियों की जीवन गाथा एवं काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित इस महानाटक की प्रस्तुति देश के विभिन्न प्रदेशों जैसे कि, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, उत्तराखण्ड, बिहार,तेलंगाना, दिल्ली सहित उत्तर-पूर्वी राज्यों में की जाएगी।





# प्रदेश में 9 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम




**शताब्दी वर्ष पर विशेष डाक आवरण**



**100 युवाओं द्वारा मोटरसाइकिल रैली**



**6 दिवसीय शहीद स्मरणोत्सव मेला**



**वीरों व शहीदों के परिजनों का सम्मान**



**राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम की अभिलेख प्रदर्शनी**



**शहीद स्मारकों अमृत सरोवरों एवं अमृत वाटिकाओं में 100-100 पौधों का रोपण**

- दिनांक 09 अगस्त, 2024 को कार्यक्रम का शुभारम्भ सम्पूर्ण प्रदेश में जन भागीदारी एवं उत्साह के साथ किया जायेगा।
- जनपदों के शहीद स्मारकों पर जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित कर भव्य आयोजन, सुनिश्चित किए जाएँगे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शुभारम्भ समारोह


## दिनांक: 09 अगस्त, 2024

**जनपद लखनऊ एवं शाहजहांपुर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे**

- मुख्य कार्यक्रम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, एवं अन्य गणमान्य अतिथियों- मा. सांसदगण, मा. विधायक गण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पण्डाल में किए जाएँगे

- काकोरी शहीद स्मारक बाज़नगर, लखनऊ एवं स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय शाहजहाँपुर में दिनांक 09 से 15 अगस्त, 2024 की अवधि में शहीद मेले का आयोजन किया जाएगा।

- इस अवसर के उपलक्ष्य में डाक विभाग के साथ समन्वय कर डाक आवरण जारी किया जायेगा।



- उक्त मेले में विद्यार्थियों एवं युवाओं को इस अवसर से परिचित कराने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां जैसे- रंगोली प्रतियोगिता, एंकरिंग प्रतियोगिता, रील्स मेकिंग प्रतियोगिता, शहीद स्थलों की फोटोग्राफी प्रतियोगिता, राष्ट्रवाद पर क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह दिया जायेगा।


- ओजपूर्ण कवि सम्मेलन, राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन, नृत्य नाटिकायें, लघु नाटक, कठपुतली एवं जादू के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

- पुस्तक मेला का आयोजन किया जायेगा।



# काकोरी गाथा

- काकोरी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित लघु कॉमिक पुस्तिकाओं का प्रकाशन
- उक्त पुस्तिकाओं का डिजिटल संस्करण जारी करना।
- इस घटना से जुड़ी हुई कवितायें एवं कहानी लेखन प्रतियोगितायें।
- चयनित कविताओं/कहानियों का पोडकॉस्ट जारी करना।
- विद्यालयों में ओपेन माइक प्रतियोगिता।
- क्रांतिकारियों पर आधारित आनलॉइन क्विज प्रतियोगिता।



## काकोरी लिटरेचर फेस्टिवल

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं स्वतंत्रता आन्दोलन विशेष रूप से काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़ी पुस्तकों की प्रदर्शनी।
- काकोरी ट्रेन एक्शन पर प्रसिद्ध इतिहासकारों/विशेषज्ञों द्वारा विद्यालयों/ महाविद्यालयों में संवाद।
- स्वतंत्रता आन्दोलन काकोरी के विशेष संदर्भ में पुस्तकों का विमोचन।
- काकोरी के क्रांतिकारियों पर आधारित किस्सागोई/नाटक।
- विश्वविद्यालयों के इतिहास विभाग द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन पर सेमिनार का आयोजन।



## स्वातंत्र्य : नाट्य रंग

- स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं एवं शहीदों के जीवन संघर्षों पर आधारित वाचिक परम्परा से जुड़े हुए लोकनाट्यों की प्रतियोगिता।
- शहीद स्थलों एवं शहीद स्मारकों से जुड़ी हुई घटनाओं पर आधारित नाटकों की प्रस्तुतियां।
- नाट्य महोत्सवों का आयोजन।



## सांस्कृतिक गतिविधियाँ


- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों की याद में जन्म दिवस एवं बलिदान दिवस के अवसर पर विशेष राष्ट्रभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
- सांस्कृतिक शोभा यात्राओं का आयोजन।
- प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम स्थलों, शहीद स्मारकों पर ऑनस्पॉट पेन्टिंग एवं शिविर का आयोजन।
- विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/स्कूलों/कालेजों में पेन्टिंग, म्यूरल एवं क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन।





## शहीद स्मृति वाटिका

- वन विभाग द्वारा  काकोरी के शहीदों की याद में प्रत्येक जनपद में शहीद स्मृति वाटिका तैयार करना।

- **पोर्टल**
- '**काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव**' एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़े कार्यक्रमों की फोटो / वीडियो/ सेल्फी https://culturalevents.in पोर्टल पर अपलोड करना।
- उक्त फोटो/वीडियो/ सेल्फी **'नमो' एप** एवं भारत सरकार पोर्टल https://harghartiranga.com पर भी अपलोड किये जायेंगे।
- उत्कृष्ट सेल्फ़ी को पुरस्कृत किया जाएगा।



# धन्यवाद